सार-समाचार

सहयोग नहीं करने पर होगी कार्रवाई

जालोर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जालोर जिले में 31 अगस्त तक चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा लाभ गिव अप न करने वाले सक्षम व्यक्तियों के साथ ही इस अभियान में सहयोग नहीं करने वाले राशन डीलर्स के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि खाद्य विभाग, जयपुर के उपायुक्त (चतुर्थ) के जालोर जिले के पाँच दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशानुसार जिले में लम्बित ई-केवाईसी व आधार सीडिंग को पूर्ण करने एवं सक्षम व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से हटाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिले के जालोर, आहोर, सायला, भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, बागोड़ा, सांचौर, सरनाऊ व चितलवाना ब्लॉक में राशन डीलर्स के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें गिव-अप अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों व ई-केवाईसी आदि के बारे में जानकारी दी गई। बैङ्क में राशन डीलर्स द्वारा गिव-अप अभियान में अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले में अब तक कुल 702 परिवारों द्वारा गिव अप कर दिया गया है जिससे इस योजना का लाभ गरीब पात्र परिवारों को मिल सकेगा। विभाग द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से ऐसे सक्षम परिवारों की सूची भी तैयार की जा रही है जो व्यक्ति इस लाभ को स्वेच्छा से छोड़ना नहीं चाहता है। ऐसे चिन्हित अपात्र व्यक्तियों से वसूली भी की जायेगी साथ ही नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। विभाग द्वारा ऐसे डीलर्स के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही जो इस अभियान का हिस्सा नहीं बनकर परोक्ष रूप से सक्षम व्यक्तियों से जुड़ाव रखेंगे।

रावणा राजपूत समाज की बैठक संपन्न

रेवदर, (निसं)।श्री रावणा राजपूत समाज संस्थान जसोल की बैठक मालाणी महादेव मंदिर , रावणा राजपूत समाज भवन जसोल में अखिल भारतीय रावणा राजपूत ट्रस्ट रामदेवरा अध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान व अध्यक्ष ईश्वर सिंह इन्दा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सर्व सहमति से निर्णय लिए गए। साथ ही समाज विकास के लिए नए कार्य करवाने का प्रस्ताव रखा। समाज अध्यक्ष ईश्वर सिंह इन्दा ने कहा कि रावणा राजपूत समाज जसोल में 12 वर्षो से मृत्यु भोज, डोडा ,अफीम, बंद रहा जिसमे समाज बंधुओं के लाखों रुपयों की बचत हुई। इसी कडी में परिवार में मृत्यु के अवसर पर दिए जाने वाले कपडो के लेने-देने पर पाबंदी की गई साथ ही मृत्यु के अवसर पर दी जाने वाली हाती बंद की गई। निवर्तमान सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने कहा कि समाज बंधुओं द्वारा लिए गए निर्णय सराहनीय है। रावणा राजपूत समाज ने क्षेत्र में सबसे पहले मृत्यु भोज, अफीम ,डोडो की मनुहार पर पाबंदी लगाई थी जो आज दिन तक कायम है। अब शेष रही कुरीतियों के बंद करने से समाज बंधुओं के पैसे का अपव्यय नही होगा। इस अवसर पर ईश्वर सिंह चौहान ने दो लाख पचास हजार का चेक अध्यक्ष व कार्यकारिणी को सौपा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह भाटी, डूंगर सिंह चौहान, छगन सिंह पडिहार, आनन्द सिंह चौहान, किशोर सिंह इन्दा, सांवल सिंह राठौड, छोग सिंह इन्दा,कोषाध्यक्ष राण सिंह पडिहार ,अचल सिंह चौहान, बाबू सिंह इन्दा, कैलाश सिंह चौहान, लूण सिंह राठौड,नरपत सिंह परमार, युवाध्यक्ष हनुमान सिंह चौहान, करण सिंह भाटी, अर्जुन सिंह दहिया, नर सिंह गोयल,ओम सिंह पडिहार, मनोहर सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह सोलंकी,देवी सिंह, शेर सिंह सिसोदिया,ओम सिंह , प्रेमजोत सिंह, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

अल्पसंख्यक वर्ग को मिल सकेगी छूट

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के हित में एक मुश्त समाधान योजना 2025 लागू की गई है जिससे अल्पसंख्यक वर्ग को बकाया ऋण के ब्याज में राहत मिलेगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए ऋण के लिए यह योजना लागू की गई है। अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए व्यावसायिक ,शिक्षा एवं माइक्रो ऋण की बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना को दो चरणों में लागू होगी। प्रथम चरण 30 सितम्बर 2025 तक होगा, जिसमें ऋणी द्वारा बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज पूरा माफ किया जाएगा। ऋणी को केवल बकाया मूलधन ही जमा करवाना होगा। द्वितीय चरण में 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2025 तक केवल दण्डनीय ब्याज माफ किया जाएगा। ऋणी को मूलधन के साथ-साथ ब्याज भी जमा करवाना होगा। इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने के लिए नर्मदा कॉलोनी जालोर स्थित अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय जालोर से सम्पर्क कर आवेदन करना होगा।

अल्पसंख्यक छात्राओं से आवेदन मांगे

जालोर, (कासं)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जिला मुख्यालय जालोर पर अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं से 31 जुलाई, 2025 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जिला मुख्यालय जालोर पर अल्पंसख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं, पाङ्क्यक्रमों (विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं व व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं आदि) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्रावास में अधिकतम 50 छात्राओं के निःशुल्क रहने-खाने आदि की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन से डाउनलोड कर अथवा कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नर्मदा कॉलोनी सामतीपुरा रोड़ जालोर से प्राप्त कर 31 जुलाई तक डाक अथवा व्यक्तिशः जमा कराये जा सकते हैं।

मिठड़ा खुर्द-लोलो की बेरी में श्रमदान

धोरीमन्ना, (कासं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत मिठडा खुर्द व लोलो की बैरी के ग्राम वासियों ने श्रमदान ओरण गोचर भूमि पर सफाई अभियान चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में इस बार अच्छी बारिश और घास की जोरदार पैदावार के बाद कंटीली झाडयिों की वजह से पशुओं को चरने में हो रही दिक्कत से निजात दिलाने के लिए,जन प्रतिनिधियों, एवं ग्रामीणों एवं यूथ क्लब ने श्रमदान किया। जिसमें कंटीली झाडयिों को हटाकर एक जगह एकत्र किया गया ा ताकि गोवंश आसानी से चार माह तक,चारा चर पाएं ा श्रमदान में अचलाराम जाणी पूर्व सरपंच, रामूराम बेनीवाल सरपंच संघ अध्यक्ष धोरीमन्ना,भींयाराम,भुकर सरपंच प्रतिनिधि मीठडा खुर्द, बाबूलाल गौड राणाराम , भगाराम,पाबूराम, गंगाराम, करनाराम, भाखराराम, पोकरराम, रामाराम शर्मा, जसाराम, जुंजाराम जाणी चनणाराम लोल शामिल थे।

जिला क्रिकेट संघ ने पौधारोपण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। हरियाली अमावस्या के अवसर पर भजनलाल सरकार के आ ान पर जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल करते हुए क्रिकेट मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघके उपाध्यक्ष कृष्ण सोनी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के लगभग एक दर्जन पौधे लगाए गए, जिसमें नीम, खेजड़ी, नींबू, जामुन और बेलपत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान सामाजिक सरोकार की भावना से प्रेरित होकर चलाया गया।कार्यक्रममें संघ के सचिव विमल शर्मा, विजय वैष्णव, भाजपा नेता कँवराज सिंह, विजयपाल ढाका, नरेश भाटिया, अध्यक्ष अधिवक्ता विमलेश पुरोहित, हरिवल्लभ बोहरा, विनर शर्मा और पुष्पेंद्र बोहरा ने मिलकर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।आयोजकों ने बताया कि इन पौधों की नियमित देखरेख और सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना से संबंधित सांचौर ब्लॉक के समस्त ई-ग्राम प्रभारियों का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार सांचौर में सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी दिनेश मीणा ने मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के महत्व एवं आवश्यकता बताने के साथ ही ई-ग्राम प्रभारियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मार्च 2025 तक की राजस्व ग्राम की प्रमाणिक एवं वास्तविक सूचनाओं को शामिल करने के दिशा-निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी बाबूलाल सुथार, प्रगति प्रसार अधिकारी ओमप्रकाश, प्रोग्रामर हरीश कुमार व संगणक हितेश कुमार पुरोहित उपस्थित रहे।

आहोर क्षेत्र के कई गांवों में बिजली की समस्या : सरोज

जालोर, (कासं)। आहोर से कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कम वोल्टेज, ट्रांसफार्मर बदलने सहित विभिन्न जन समस्याओं को लेकर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सराणा, भवराणी, वेडिया, बरवा आदि गांवों में वॉल्टेज की गंभीर समस्या है और एईएन और लाइम मैंन को कॉल करते हैं तो कॉल नहीं उठाते साथ ही सराणा गांव की विद्युत लाइन को देबावास फीडर में ही यथावत रखने की मांग की गई है। सराणा को भवरानी के रास्ते भाद्राजून से नहीं जोडा जाए। हालांकि कई विधुत समन्धित जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधीक्षण अभियंता ने आश्वस्त किया है कि हम जल्द निस्तारण करेंगे ताकि लोगो को कोई परेशानी नहीं हो। इधर सरोज चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई समस्याएं हैं और इसी कडी में आज बिजली की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कोई कार्यवाई नहीं होती है आगामी समय में मजबूरन प्रदर्शन करने पर उतारू होना पडेगा।

जालोर में कांग्रेस नेत्री सरोज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं को लेकर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, सुरेश थांवला, छगन मीणा, महेंद्र सोनगरा,महेंद्र सिंह करनोत, ओमप्रकाश चौधरी, तेज प्रकाश माली, चेलाराम, जितेन्द्र मेघवाल मौजूद रहे।

सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। शिक्षा विभाग उपखंड क्षेत्र के गांवडी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का गुरुवार को ब्लॉक आरपी हिंगलाज दान चारण ने निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनसे प्रश्न पूछे।

साथ ही उन्होंने अभ्यास पुस्तिका और वर्क बुक की भी जांच की । इसके अलावा उन्होंने रसोई घर का जायजा लिया और वहां बन गए रहे भोजन की गुणवत्ता जांची और संतोष व्यक्त किया।

इसके अलावा से पाठ्य पुस्तक वितरण, वर्क बुक वितरण, शिक्षकों की डायरी, उपस्थित पंजिका, शयन कक्ष, शौचालय, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह, अध्यापक रघुनाथ राम, कमलेश कुमार उपस्थित थे।

साथ ही इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गांवडी ओर राजकीय प्राथमिक विद्यालय नरिंग जी की ढाणी का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने नामांकन बढाने, समय पर गृह कार्य प्रदान करने और उनकी जांच करने एमडीएम के तहत बन रहे भोजन की गुणवत्ता बरकरार रखने, विद्यालय परिसर को साफ सुथरा और हरा भरा रखने जैसे आवश्यक निर्देश दिए।

जालोर के निकट गांवडी में आवासीय विद्यालय का निरीक्षण ब्लॉक आर.पी. हिंगलाजदान चारण ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

आईटीआई पाली में 31 तक आवेदन

पाली, (नि.सं.)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाली में सत्र 2025-26 एवं 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया केन्द्रीय कृत ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से अंतिम तिथि 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उप निदेशक संजय सिंह पटेल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन की प्रक्रिया व.तरेंजींद.हवअ.पद पोर्टल या नजदीकी ई-मित्र केंद्र के माध्यम से कर सकते है। प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 1 सितंबर 2025 को न्यूनतम 14 वर्ष होनी आवश्यक है साथ ही आठवीं एवं दसवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायों जैसे इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, वेल्डर, टर्नर, प्लंबर, मैकेनिक डीजल, फिटर, सोलर टेक्नीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्राब्ए ब्व्च्ए आदि में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं दो वर्षीय पाठ्यक्रमों के लिए बारहवीं उत्तीर्णता आवश्यक होगी जिसकी मान्यता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या समकक्ष बोर्ड से होनी चाहिए। संस्थान में 6 राज. बटा. जोधपुर द्वारा एनसीसी संचालित है जिसमें ए, बी एवं सी प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सेना में रोजगार के विशेष अवसर मिलते हैं। महिलाओं से राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। विस्तृत सूचना के लिए संस्थान से सम्पर्क कर सकते है।

शारीरिक शिक्षकों ने समस्याओं पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। जिले के शारीरिक शिक्षकों की विभिन्न समस्यायों के विचारार्थ एवं समाधान बाबत शिक्षा विभाग, खेल मार्गदर्शिका और प्रदेश के विभिन्न जिलों के आदेश अनुसार शिक्षा अधिकारियों को राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता कर ज्ञापन सौंपा।

शारीरिक शिक्षकों की खेल आयोजन, विद्यालय व्यवस्था, प्रभाग और विभिन्न गतिविधियां के सफल आयोजन में कुछ समस्याएं है, जिनके निवारण के लिए बिंदुवार ज्ञापन दिया। विभागीय नियमानुसार शारीरिक शिक्षकों की सत्र प्रारंभ में प्रतियोगिता पूर्व अधिकतम तीन दिवसीय वाकपीठ संगोष्ठी का प्रावधान है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आदेश प्रचारित हो चुके हैं, लेकिन जिले में किसी प्रकार का कोई आदेश, जालौर में शारीरिक शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण माध्यमिक और प्रारंभिक की सामूहिक वाकपीङ्क होती थी लेकिन अब शारीरिक शिक्षकों की संख्या 600 के आसपास है। इसलिए व्यवस्था और समुचित आयोजन को ध्यान में रखकर अलग वाकपीठ आयोजन प्रारंभिक शिक्षा का पंचांग, खेल, मानदंड, विभाग के नियम आदि समस्त अलग अनुसार हो। शिक्षा विभाग के विभिन्न खेलकूद पंचांग जारी हो रहे हैं इसके लिए प्रारंभिक शिक्षा जिला और ब्लॉक कार्यालय में सहयोगार्थ दो शारीरिक शिक्षकों को लगाया जावे प्रत्येक ब्लॉक में एक माध्यमिक के साथ एक प्रारंभिक शिक्षा का शारीरिक शिक्षक भी लगाया जाए। शारीरिक शिक्षक को विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, खेलकूद, विभिन्न महोत्सव, उत्सव,प्रार्थना सभा, योग दिवस आदि का प्रभारी बनाया जाता है। आज के आदेश अनुसार प्रदेश भर में हरित महोत्सव का प्रभारी भी बनाया गया, बीएलओ, पोषाहार, विषय शिक्षण, कक्षाध्यापक जैसे कार्यो से मुक्त रखा जाए। शारीरिक शिक्षक को खेलकूद गतिविधि आयोजन हेतु अन्य कार्यो से मुक्त रखने के आदेश प्रदेश के प्रसारित हो रहे हैं। लेकिन जालोर में 2019 के बाद ऐसा कोई आदेश नहीं हुआ। तुरंत आदेश प्रसारित कर संस्था प्रधानों को पाबंद करें। स्पोर्ट्स ग्रांट के बजट का प्रावधान है।

भाजपा ने गौधाम नंदगांव में पौधारोपण किया

भाजपा की ओर से संसदीय क्षेत्र जालोर सिरोही का पौधारोपण कार्यक्रम गौधाम नंदगांव केंचुआ में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेश की ओ से वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान का संसदीय क्षेत्र जालोर सिरोही का वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम गौधाम नंदगांव केंचुआ में हुआ।

जिला प्रवक्ता हिंगलाजदान चारण ने बताया कि जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के बडे प्रकल्प को जनचेतना से जोडते हुए करोडों की संख्या में वृक्षारोपण करने के लक्ष्य का यहां हजारों की संख्या में एक साथ पौधे लगाने के इस कार्यक्रम के लिए गोशाला परिवार एवं गौऋषि दत्तशरणानंद महाराज की उनकी प्रकृति प्रेम एवं सच्ची गौसेवा के विश्वस्तरीय कार्य की सराहना की जहां मुख्य सचेतक जागेश्वर गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सभी को पेड लगाने के साथ पेड नहीं काटने का संकल्प दिया। जहां सरकार के कार्यो पर विचार रखे। जहां जालोर से भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने गौ महिमा एवं सरकार के श्रेष्ठ अभियान की चर्चा के साथ नवीन जिला कार्यकारिणी को बधाई सहित अभियान पर जानकारी दी। जहां आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित,पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल,पूराराम चौधरी एवं शंकर सिंह राजपुरोहित ने अभियान कार्य एवं सरकार के कार्यो की चर्चा की जहां कार्यक्रम में उद्बोधन उपरांत विभिन्न विद्यालयों से आए बालक बालिकाओं के साथ सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने अपने हाथों से वृक्षारोपण किया तत्पश्चात गौधाम दर्शन कर सभी ने प्रस्थान किया।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र देवासी, जिला महामंत्री प्रकाश चन्द छाजेड, बंशीलाल सुथार, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष केराराम चौधरी मुकेश कुमार खंडेलवाल हीरा लाल सारस्वत, महेन्द्र सिंह झाब, गिरधारी लाल देवासी, मुकेश राजपुरोहित, सांवलाराम देवासी, जिला मंत्री महेंद्र सोलंकी,जिला प्रवक्ता हिंगलाज एम चारण, दिनेश महावर, उर्मिला दर्जी, गीता बारोट, सुरेश राजपुरोहित, डिम्पलसिंह चौहान, तगाराम जीनगर, अंबालाल व्यास, छैलपुरी गोस्वामी हरीश राणावत पूर्व जिला महामंत्री शेखर व्यास रामसिंह चारनीम परमवीरसिंह आदि मौजूद रहे।

झाबर सिंह खर्रा पाली आएंगे

पाली, (नि.सं.)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा शनिवार को दो दिवसीय पाली दौरे पर रहेंगे।

खर्रा शनिवार को प्रातः 9:30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 2:15 बजे पाली पहुंचेंगे। वे दोपहर 3 बजे राज्य सरकार के डेढ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करेंगे। वे सायं 5 बजे जिला परिषद सभागार में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, विभागों की विशेष उपलब्धियों, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

सार-समाचार

ज्ञान चन्द्र यादव का विदाई समारोह

जालोर, (कासं)। शिक्षा, संस्कार एवं तकनीक के समुचित समन्वय से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर सकते है। उक्त उद्बोधन जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञान चन्द्र यादव ने जालोर स्थित कलबी चौधरी समाज छात्रावास में अपने विदाई समारोह के दौरान व्यक्त किये। जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञान चन्द्र यादव ने जालोर स्थित कलबी समाज छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि वर्तमान समय में संस्कारित शिक्षा को आत्मसात करते हुये तकनीकि शिक्षा पर जोर देने से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते है, तकनीकि शिक्षा से तात्पर्य सोशल मीडिया पर समय की खपत न कर सारग्रर्भित अध्ययन से ही सफलता निश्चियत रूप से मिलेगी। साथ ही सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं समाज से नशा प्रवृत्ति को पुरजोर तरीके से उखाड फेकने की बात कहीं। राजाराम आंजणा समाज छात्रावास जालोर के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल पांणवा ने जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के विदाई समारोह में बताया कि ज्ञान चन्द्र यादव लगभग 18 माह जालोर में रहकर अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारी के अतिरिक्त सामाजिक सरोकार निभाने में अपनी अग्रणीय भूमिका निभाई। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी भेराराम कलबी वाटेरा ने बताया कि सरकारी सेवा में आना-जाना तय है और इसी क्रम में आप भी अपनी अमूल्य सेवायें जालोर जिले को प्रदान कर प्रस्थान कर रहे है। राजाराम आंजणा समाज छात्रावास जालोर में आयोजित जिला पुलिस अधीक्षक के विदाई समारोह में संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल पांणवा के नेतृत्व में भेराराम कलबी वाटेरा, बालिका शिक्षण सेवा संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन चौधरी जालमपुरा, विनोद चौधरी रेवडा कलां व छात्रावास व्यवस्थापक केराराम चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को साफा, माला एवं अभिनंदन पत्र के साथ समाज के आराध्य देव श्री राजेश्वर भगवान की जीवन वृत्त की पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया गया। विदाई समारोह का मंच संचालन प्रकाश चौधरी रेवडा कलां द्वारा किया गया।

अरावली को हरा-भरा करेंगे : गोठवाल

रेवदर, (नि.सं.)। अरावली को हरा-भरा बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए भारत भारती और जवाहर मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गिरवर की पहाडयिों के आसपास सीड बॉल्स डाले गए। भारत भारती के आबूरोड अध्यक्ष रवि पटेल ने बताया कि जोधपुर प्रांत संयोजक विजय गोठवाल के मुख्य आतिथ्य में गिरवर ग्रामवासियों एवं शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अरावली की पहाडयिों में जाकर गड्ढा खोदकर सीड बॉल्स डाले। जवाहर मेमोरियल ट्रस्ट की डायरेक्टर उर्वशी देसाई ने बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है कि अरावली की पहाडियाँ सदैव हरी-भरी रहें। इस लक्ष्य को सफल बनाने के लिए अनेक महिलाएं फलदार और छायादार पौधों के बीजों को गोबर और मिट्टी के लेप से लपेटकर सीड बॉल्स बनाती हैं, जो अरावली की हरियाली बढाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। भारत भारती के जोधपुर प्रांत संयोजक विजय गोठवाल ने सभी पर्यावरण प्रेमियों से इस अभियान से जुडने की अपील करते हुए कहा कि यह मुहिम पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिससे प्रकृति को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढयिों के लिए संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इस अभियान में संस्था के प्रांत संयोजक विजय गोठवाल, आबूरोड अध्यक्ष रवि पटेल, जवाहर मेमोरियल ट्रस्ट की डायरेक्टर उर्वशी देसाई, दर्शना देसाई, सरपंच भगाराम गरासिया, कृष्णा देसाई, सुनील शर्मा, शैलेश राठौड, वेलाराम देवासी, जसवंत सिंह, दीपक सैनी, राजू भाई, कांतिलाल छिपा, प्रकाश देवासी, जगाराम राणा, सवाराम, प्रदीप अग्रवाल, फूली देवी, चंद्र किशोर, बदाराम, अर्जुन राणा, अनिया प्रजापत, रेखा सैनी, पूजा पटेल, लता दादरिया, अशोक लखारा, कीका राम, कालूराम प्रजापत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

बंद मकान से माल ले गया चोर

जोधपुर, (कासं) । शहर के रमजान का हत्था बनाड़ क्षेत्र में कल मध्य रात एक बंद मकान में नकबजन ने सैंध लगाकर 30 लाख से ज्यादा के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। 185 ग्राम सोना और 14 किलो से ज्यादा चांदी के आभूषण लेकर गया है। शातिर नकबजन अपने साथ बैग लेकर जाते दिखा है। पुलिस अब इसकी पहचान के साथ तलाश में जुटी है। बनाड़ थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है। रमजान का हत्था बनाड़ निवासी मुरलीधर सोनी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह 23 जुलाई को लगभग दोपहर 3 बजे, में पैतृक गाँय मेड़ता रोड एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए गया था। घर से निकलते समय अपनी छोटी बेटी अक्षरा सोनी को लक्ष्मण नगर स्थित ननिहान छोड़ दिया था। अगले दिन 24 जुलाई की सुबह बेटी अक्षरा घर पर लौटी तो देखा कि मुख्य गेऊ का ताला टूटा हुआ था, और घर के दोनों कमरों के शीशे रात को बंद किया गया था खुले हुए थे। एक कमरे की लाइट चालू की। तब बेटी अक्षरा ने पड़ौस में रहने वाले राकेश सोनी को बताया। वे आए और बताया कि घर में चोरी हो गई है। इस पर मुरलीधर सोनी वापिस जोधपुर पहुंचा। घर से अज्ञात चोर 185 ग्राम सोने के आभूषण जिनमें चूडियाँ-11.5 दाम, गले कर हार 22 ग्राम, अंगूठियों (12नग) 36 ग्राम,चेन 18 ग्राम, रखड़ी-45 ग्राम, बोर नथ व बैन 5.5 ग्राम, मूंगा- मणियां 5.5 ग्राम, दुकान के लूंग फिनियाँ -69 ग्राम आदि चोरी कर लिए। साथ ही 14 किलो 725 ग्राम चांदी के आइटम बाजूबंद सेट (जोडी)- 200ग्राम, रखड़ी सेट 80 ग्राम, रामनवमी सहित अन्य आभूषण ले गया। इसके अलावा तिजोरी से 70 हजार एवं गुल्लक से 15 हजार रूपए चोरी कर लिए गए।

जरूरतमंदों को पाठ्य सामग्री बांटी

जालोर, (कासं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय तासखाना बावडी में पढने वाले विद्यार्थियों को राजसुगम सेवा संस्थान की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्थान की ओर से शिक्षा में सहयोग अभियान के तहत विद्यार्थियों को नोट बुक, पेन, पेंसिल, इरेजर व पेंसिल वितरित की गई। विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री मिली तो उनके चेहरों पर मुस्कान आई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भामाशाह राजेंद्र नगर निवासी प्रकाश गहलोत मौजूद रहे। इस दौरान राजसुगम सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव रविना कुमारी, संस्थान के प्रेरणास्त्रोत भरत कुमार मेघवाल, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, अध्यापक हितेश कुमार, दिनेश कुमार डाबी आदि के हाथों से विद्यार्थियों का पाङ्क्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान रविना कुमारी ने बताया कि संस्थान की ओर से हर साल जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए शिक्षा में सहयोग अभियान चलाया जाता है, इस साल भी विभिन्न सामाजिक संगङ्गनों, भामाशाहों के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए सामाजिक सरोकार के तहत चलाया जा रहे इस अभियान से बच्चों को थोडा संबल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे अध्ययन करते है। इस दौरान 55 विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक हितेश कुमार, दिनेश डाबी, चेतन आदि मौजूद रहे।

बी.एस.एफ. ने सफाई अभियान चलाया

रामदेवरा/पोकरण, (कासं)। आगामी महाकुंभ मेले की तैयारियों के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तहत सीमा सुरक्षा बल की 72वीं बटालियन द्वारा आज रामदेवरा मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी राजेंद्र सिंह ने किया, जिनके साथ डिप्टी कमांडर शमशेर सिंह एवं बटालियन के कई जवानों ने पूरे समर्पण भाव से श्रमदान किया। इस दौरान मंदिर परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में झाड़ू लगाई गई, कचरा एकत्र किया गया एवं स्वच्छता के प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया। जवानों की यह सेवा भावना क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्पद रही और महाकुंभ मेले को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। स्वच्छता ही सेवा के भाव को समर्पित यह अभियान न केवल साफ-सफाई की पहल है, बल्कि रामदेवरा की आध्यात्मिक गरिमा और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का एक सशक्त संदेश भी है।

वन महोत्सव 27 जुलाई को

पाली, (नि.सं.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार 27 जुलाई रविवार को पाली जिले में जिला स्तरीय वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपवन संरक्षक पाली पी बाला मुरुगन ने दी उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जोधपुर रोड़ स्थित घूमटी के पास जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं प्रभार